आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. सरकार ने पहली नवम्बर से मोबाइल उपयोगकर्ताओं के लिए फोन करने वाले का नाम प्रदर्शित करना अनिवार्य किया।
2. द्वीपसमूह के उपराज्यपाल ने अनीडको और पर्यटन विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।
3. ड्राफ्ट अंडमान निकोबार द्वीप समूह मॉडल अंतरर्देशीय पोत नियम पर आम जनता से टिप्पणियां और सुझाव मांगे गए हैं।
4. आगामी त्योहारों के मद्देनजर जहाजरानी सेवा निदेशालय ने अतिरिक्त फेरी सेवाओं की व्यवस्था की है।

<><><><><><><>

सरकार ने पहली नवम्बर से उपयोगकर्ताओं के लिए कॉल करने वाले का नाम दिखाने की सेवा अनिवार्य कर दी है। दूरसंचार विभाग ने सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहली नवंबर से सभी सेवा क्षेत्रों में कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन सी. एन.ए.पी. सेवा शुरू करने का निर्देश दिया। इस सेवा के अंतर्गत कॉल करने वाले दूरसंचार सेवा प्रदाता के ग्राहक डेटाबेस में दर्ज नाम कॉल प्राप्त करने वाले के मोबाइल पर दिखाई देंगे। वहीं, जिन अंतरराष्ट्रीय नंबरों को फोन में सेव नहीं किया गया है, उनसे आने वाली कॉल पर 'इंटरनेशनल कॉल' लिखा दिखाई देगा। दूरसंचार विभाग ने बताया कि सेवा प्रदाता 4जी और इससे आगे के वायरलेस नेटवर्क पर इस सेवा का परीक्षण कर चुके हैं। विभाग ने कहा कि 2जी और 3जी तकनीक वाले वायरलेस नेटवर्क तथा सार्वजनिक स्विच्ड टेलीफोन नेटवर्क पर सीएनएपी सेवा शुरू करने के बारे में अलग से विचार किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल लोक निवास में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह एकीकृत विकास निगम लिमिटेड और पर्यटन विभाग के कामकाज पर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती, पर्यटन आयुक्त–सह–सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान, उपराज्यपाल ने द्वीपों में चल रही विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने पर्यटन को अधिक सुविधाजनक, सुलभ और पर्यटकों के अनुकूल बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उपराज्यपाल ने पर्यटकों की सुविधा के लिए जनवरी माह तक

'सिंगल विंडो बुकिंग सिस्टम' लागू करने का निर्देश दिया, जिसमें प्रवेश परमिट, बोट टिकट, जलक्रीड़ा और अन्य सेवाएं शामिल हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के सांसद बिष्णु पद रे ने कल लोक निवास उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात कर जनता की विभिन्न समस्याओं एवं जन शिकायतों पर चर्चा की। इसी क्रम में, अंडमान निकोबार टूर ऑपरेटर एसोसिएशन और नेशनल यूनियन ऑफ सीफॉरर्स ऑफ इंडिया के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी उपराज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात की।

<><><><><><><>

भारतीय राष्ट्रीय सेना स्मृति समिति, की ओर से कल से 25 अक्टूबर तक आजाद हिंद सरकार सप्ताह समारोह' का आयोजन किया जाएगा। 'समारोह की विषय "आजाद हिंद का सपना साकार करें, आइए भाग लें, सीखें, अनुभव करें और आजादी की भावना को जीवित रखें' रखा गया है। इसके अंतर्गत '20 अक्टूबर को दिल्ली, गुजरात तथा देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागियों का दल एमवी नालंदा जहाज से श्री विजयपुरम से कैंपबेल बे की यात्रा पर रवाना होगा। समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा गतिविधियों के आयोजन किए जाएंगे।

<><><><><><><>

दुर्गा पूजा के अवसर पर असामाजिक तत्वों से जनता को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से मध्योत्तर अंडमान पुलिस ने बिल्लीग्राउंड में फ्लैग मार्च निकाला। भीड़ नियंत्रण, यातायात विनियमन और पार्किंग व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सभी पूजा स्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने और आपसी समन्वय बनाए रखने के लिए थाना प्रभारियों ने स्थानीय पूजा समितियों के साथ बैठकें भी आयोजित की हैं।

<><><><><><><>

ड्राफ्ट अंडमान निकोबार द्वीप समूह मॉडल अंतरर्देशीय पोत नियम पर आम जनता से टिप्पणियां और सुझाव मांगे गए है। इस नियम को प्रशासन के आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। इस संबंध में अंतरर्देशीय पोत मालिकों, ऑपरेटरों और संबंधित हितधारकों से प्रारूप नियमों का परीक्षण करने और 30 दिनों के भीतर टिप्पणियां और सुझाव हार्बर मास्टर के मेल या पते पर प्रस्तुत करने को कहा गया है। सुझाव भेजते समय संबंधित नियम या प्रावधान का स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए।

<><><><><><><><>

द्वीपों के आगामी त्योहारों को देखते हुए, जहाजरानी सेवा निदेशालय ने श्री विजयपुरम और मायाबंदर, डिगलीपुर तथा लिटिल अंडमान के बीच अतिरिक्त फेरी सेवाओं की व्यवस्था की है। इसके तहत एमवी सेंटिनल 20 अक्तूबर को रात 8 बजे श्री विजयपुरम से मायाबंदर होते हुए डिगलीपुर जाएगा और 21 अक्तूबर को इन्हीं मार्गो से होते हुए वापस श्री विजयपुरम पहुंचेगा। श्री विजयपुरम से लिटिल अंडमान के लिए एमवी बंबूका 19 अक्तूबर को सुबह साढ़े छः बजे छूटेगा और उसी दिन दोपहर एक बजे श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। एमवी नॉर्थ पैसेज 21 अक्तूबर को सुबह साढ़े छः बजे श्री विजयपुरम से लिटिल अंडमान जाएगा और दोपहर एक बजे लिटिल अंडमान से श्री विजयपुरम वापस आएगा। इन यात्राओं के लिए आम जनता को यात्री टिकट आज सुबह नौ बजे से स्टार्स टिकटिंग काउंटर से जारी किए जाएंगे। विभाग की ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से भी ऑनलाइन टिकट बुक किए जा सकते हैं।

<><><><><><><><>

'स्वच्छता विशेष अभियान 6.0' के तहत दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने 2 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2026 तक चलाए जा रहे अभियान के सिलसिले में कल जिला कार्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त, सहायक आयुक्त, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। स्वच्छता विशेष अभियान 6.0 को आगे बढ़ाते हुए, जिला उपायुक्त ने जिला कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 30 अक्टूबर तक सभी कार्य दिवसों पर सुबह साढ़े आठ बजे से साढ़े दस बजे तक सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया और एकत्र किए गए कचरे को सही ढंग से लागू दिशानिर्देशों तथा निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार वैज्ञानिक निस्तारण करने को कहा।

<><><><><><><><>

निकोबार जिला प्रशासन की ओर से विशेष राहत अधिकारी कार्यालय, तेरेसा में दो दिवसीय 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में ननकौड़ी सहायक आयुक्त, जनजातीय परिषद अध्यक्ष, सहायक शिक्षा अधिकारी, जनजातीय नेताओं और आम जनता ने भाग लिया। सहायक आयुक्त ने उपस्थित लोगों को निकोबार जिला प्रशासन की इस अनूठी पहल के बारे में जानकारी दी। शिविर के दौरान उन्होंने वरिष्ठ नागरिक प्रमाणपत्र, आय प्रमाणपत्र और अनुसूचित जनजाति प्रमाणपत्र जारी किए। जिला प्रशासन ने नियमित अंतराल पर ऐसे राजस्व शिविर अदालत आयोजित किए जाने का आ"वासन दिया।

<><><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के 'स्टेट हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन' की ओर से टैगोर राजकीय ि"ाक्षा महाविद्यालय के सभागार में 'शक्ति स्वरूपा – महिला शक्ति और कल्याण का उत्सव' शीर्षक से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण निदेशक मोहित मिश्रा ने विभागीय जिम्मेदारियों को निभाने और कल्याणकारी पहलों का समर्थन करने में महिला कर्मचारियों के समर्पण, प्रतिबद्धता और प्रयासों की सराहना करते हुए कामकाजी महिलाओं के कल्याण को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान 'सहेली संवाद – बातचीत के माध्यम से जुड़ाव' नामक एक संवादात्मक सत्र का भी आयोजन किया गया।

<><><><><><><><>